तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

11 आईसीटी योजना अंतर्गत राजिम में शिक्षक...



12 सुशासन तिहार से दूर हो रही लोगों की समस्याएं : चन्दूलाल





## समस्या : कई बार शिकायत करने पर भी संबंधित विभाग नही कर रहा मरम्मत

# सिंचाई विभाग का 50 लाख का स्टॉपडेम आधा टूटकर बहा, बारिश में पूरी तरह बहने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए शासन प्रशासन द्वारा लाखों करोड़ों रूपये भेजा जाता है लेकिन जमीनी स्तर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखने वाला कोई नहीं है जिसके चलते कई निर्माण कार्यों को मनमाने तरीके से किया जाता है जिसका खमियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है और तो और जब इस मामले की शिकायत होती है तो इस मामले में जांच और कार्यवाही नहीं होने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई सुधार होते दिखाई नहीं देता। ऐसी ही एक मामला तहसील मुख्यालय मैनपुर आश्रित ग्राम अचानपुर का है जहां 50 लाख रूपये की लागत से सिंचाई विभाग द्वारा स्टाप डेम का निर्माण किया गया है और यह स्टाप डेम महज सात-आठ वर्षों में पूरी तरह जर्जर हो गया है आने वाले बारिश के दिनों में यह सिंचाई डेम की बहने की संभावना है साथ ही सिंचाई डेम के बहने से आसपास के मकानों और किसानों के खेतों को भारी क्षति पहुंचने की भी संभावना है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कुछ वर्ष पहले निर्माण किए गए 7-8 ऐसे स्टाप डेम है जो हर वर्ष बारिश में धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होकर अब स्थिति बेहद खराब हो गई है और ग्रामीणों द्वारा समय समय पर इन स्टाप डेमों की सुधार मरम्मत की मांग करते थक चुके है, लेकिन संबधित विभाग द्वारा अब तक कोई ध्यान देने के कारण आने वाले बारिश में अचानपुर और मैनपुर तथा तुहामेंटा का स्टाप डेम बहने की संभावना है, क्योंकि यह तीनों स्टाप डेम बेहद जर्जर हो गया है साथ ही स्टाप डेम बहने से जहां एक ओर शासन के लाखों, करोडों रुपए पानी में बह जाएंगे। वहीं आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों के मकान और खेत को भारी क्षति पहुचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।



### स्टाप डेम की मरम्मत करवाई जाए

इसी तरह मैनपुर नगर नदी किनारे स्टाप डेम और, तुटामेंटा स्टाप डेम जो सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण किया गया है बेहद दयनीय स्थिति मे पहुंच गया है और इस वर्ष बारिश में इसके बहने की संभावना है, अचानपुर नदीपारा मुख्य मार्ग में सड़क किनारे इस स्टाप डेम का निर्माण किया गया है स्टाप डेम के नीचले हिस्सा टूटकर बह जाने से यह सड़क से लगभग 40 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग में देर रात तक लोगों का आना- जाना लगा रहता है, रात में बिजली नहीं होने के कारण अंधेरे में हमेंशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है उक्त स्टाप डेम की मरम्मत करवाई जाए।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर संशय

क्षेत्र के लोगों ने समय से पहले स्टाप डेम की सुधार की मांग कर थक चुके हैं लेकिन संबधित विभाग के उदासीन रवैये के कारण अब तक सुधार नहीं हुआ है। शायद विभाग यह इंतजार में है कि कब स्टाप डेम बह जाये तभी तो इन स्टाप डेमों का मरम्मत नहीं करवाया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से महज डेढ किलोमीटर दूर ग्राम अचानपुर और नदीपारा के बीच नदी में सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 50 लाख रुपए की राशि से निर्माण किया गया है, जो बेहद घटिया निर्माण के कारण नीचे हिस्से पूरी तरह से टूटकर बह गया है और 15 से 20 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सिंचाई विभाग के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर एक लंबे अरसे से सवाल खडे हो रहे है, जहां हमेंशा दुर्घटना की अंदेशा बना रहता है और तो और दो मवेशियों की इस गड्ढे में गिरने से मौत भी हो चुकी है, लेकिन सिंचाई विभाग के अफसर क्यों शिकायत के बाद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है समझ से परे है।

### स्टीमेट बना कर भेजा गया

सिंचाई विभाग एसडीओ श्री सोनवानी ने कहा मौके का निरीक्षण किया जा चूका है मरम्मत कार्य के लिए स्टीमेट बना कर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### किसान खाते में लेन-देन करें, पर्याप्त बैलेंस भी रखें : सीईओ

**नवापारा-राजिम।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जिला रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के खाताधारको के खातों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के अंतर्गत 436 रूपए एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 20 रूपए की कटौती का बीमा कराया जा रहा है। इसमें बहुत से खाताधारको के खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं होने के कारण तथा खाताधारकों के द्वारा खाते का संचालन नहीं करने के कारण उनके खातों से राशि की कटौती नहीं हो पा रही है। सीईओ ने समस्त खाताधारकों से अपील किया है कि अपनी शाखा में संपर्क कर खाते में लेन देन कर खातों को व्यवहार में लाएं एवं खातों में पर्याप्त बैलेंस रखें ताकि 25 से 31 मई के बीच राशि की कटौती की जाकर बीमा कराया जा सके। समयावधि में खाते में लेन देन नहीं करने एवं पर्याप्त बैलेंस नहीं रखने पर बीमा राशि की कटौती नहीं होगी जिससे खाताधारकों को उपरोक्त बीमा का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

### पासपोर्ट बनवाना हुआ आसान, हाईटेक वैन से मिलेगी सुविधा

**छुईहा बेलर।** समय के साथ सुविधाएं लोगों को घर द्वार में मिल रही है। इस कड़ी में पासपोर्ट भी शामिल हो गया है, जिसके लिए अब आपको कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही पासपोर्ट से जुड़े काम हो जाएंगे। सरकार ने अब घर बैठे ही फिंगेर प्रिंट्स और बायोमेट्रिक स्कैनिंग मशीन, दस्तावेजों की जांच, फोटो खींचने समेत सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट बनाने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए लोगों को सुविधा के लिहाज से पासपोर्ट मोबाईल वैन चला रही है। इस हाईटेक वैन में पासपोर्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इस वैन को अलग-अलग इलाकों में हफ्ते में एक बार पहुंचाया जाएगा। लोगों को केवल इस वैन तक पंहुचना होगा। बाकी के काम वैन में तैनात कर्मचारी और अफसर कर लेंगे। मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में यह सुविधा शुरू भी हो गई है। अब इह महंती योजना को छत्तीसगढ़ में भी लागु किया गया है। इसमें इक्छुक लोग लाभान्वित होंगे।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिले के तेन्दूकोना और सरायपाली थाना अंतर्गत घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बुंदेली चौकी क्षेत्र के नवागांव कला निवासी मानश्रवण डड़सेना ने थाने में शिकायत की है कि 18 मई की रात साढे 10 बजे उन्होंने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचसी 9972 को खड़ी कर चाबी घर के अंदर दीवार पर टांग दी और खाना खाने के बाद सो गया। सुबह देखा तो स्कूटी गायब थी और घर के सामने का दरवाजा खुला था। पुलिस ने मामले में प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएन एस की धारा 305, 331 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इसी तरह सरायपाली थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी भंवरपुर मार्ग स्थित क्वार्टर नंबर एफ 5 निवासी दीपक देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह 15 मई को घर से बाहर था और बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही 3834 को घर के बाहर लॉक कर रख दिया था। हाउसिंग बोर्ड वाले मकान में पत्नी व बच्चे थे। 19 मई की सुबह 9 बजे देखा तो बाइक गायब थी। अज्ञात चोर ने 16 मई की रात एक बजे से 19 मई की सुबह 6 बजे के मध्य किसी ने पार की है।

## दो अलग-अलग मामलों में 3,990 रुपए नकद और खुड़खुड़िया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्रामीण क्षेत्र में खुडखुडिया नामक जुआ खेलाने वाले दो ग्रामीणों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री, जुआ, सट्टा पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रें में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया था। जो 19 मई को मुखबीर के जरीए थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम धुंगियामुड़ा निवासी देवीसिंह सोरी और लक्ष्मीदास नेताम दोनो अलग अलग स्थानों घटना स्थल क्रमशः रंग मंच के पास ग्राम मुरलीगुड़ा डोंगरीपारा, रंग मंच के पास ग्राम धुंगियामुड़ा के पास लोगों को एकत्रित कर खुड़खुड़िया नामक जुआ का खेल खेलाकर लोगों को हार जीत का दांव लगवाकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहे हैं कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थानों पर पहुंचकर घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकडे जिन्हें नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम देवी सिंह सोरी मतवार सोरी उम्र 50 वर्ष, लक्ष्मी दास नेताम पिता धन सिंह नेताम उम्र 45 साल साकिनान धुंगियामुड़ा थाना देवभोग का रहने वाला बताया दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तलाशी पर दोनों के कब्जे से संयुक्त रूप से कुल 3990 रूपए एवं खुड़खुड़िया जुआ का साजो-सामान को जब्त किया गया। आरोपियों से खुड़खुड़िया नामक जुआ खेलाने के संबंध में वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया। प्रकरण में दोनों आरोपियों का कृत्य धारा 6(क) जुआ एक्ट का घटित करना पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही किया गया है। इस कार्यावाही में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।



## खेत में खंभे बने मुसीबत समाधान के लिए दर-दर भटक रहे हैं किसान

**छुईहा बेलर।** भूस्वामी से अनुमति लिए बगैर विद्युत मंडल द्वारा लोगों की जमीन पर लगाए गए ट्रान्सफार्मर या बिजली खंभे को हटाने के लिए अब विद्युत विभाग भूस्वामी से रुपए मांग रहा है। गर्मी के दिनों में लोड बढ़ाने पर ट्रांसफार्मर में आग लगने का खतरा बना रहता है और अगर यह ट्रांसफार्मर घर के सामने लगा हो तो घर परिवार के लिए खतरा बन जाता है लेकिन ट्रांसफार्मर को हटवाना आम लोगों के बस की बात नहीं, क्योंकि बिजली कंपनी हटाने का पूरा खर्चा मांगती है जबकि मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत ऐसे ट्रांसफार्मर निशुल्क शिफ्ट करने का प्रावधान है। पिछले कई साल से क्षेत्र से प्रभावितों ने हटाने मांग किया है। लोगों ने मुख्यमंत्री विद्युतीकरण के तहत शिफ्ट करने की मांग की, लेकिन विद्युत खंभा नहीं हटाए गए। उल्टे लोगों को लम्बे खर्च का हवाला दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रभावित किसान ग्राम पतोरा सुकदेव ढिढी का कृषि खेत कौंदकेरा खार में है। किसान ने बताया मेरे बिना अनुमति से लगाये विद्युत खंभा को विगत पांच साल से हटाने की मांग आवेदन दिया है। लेकिन अब तक कोई सार्थक प्रयास विभाग द्वारा नहीं किया गया है। सुकदेव ढिढी आवेदन देने के बाद अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में आवेदन देने वाले भी आर्थिक तौर पर इतने सक्षम नहीं है कि वे इतनी बड़ी रकम केवल खंभा शिफ्ट करने के लिए अदा कर सके। पीडित विधायकों, सांसद की ओर से सिफारिश कराई है फिर विभाग पर असर नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता विद्युत मंडल की इस नीति से काफी परेशान है। उपभोक्ताओं ने कहा कि हमारी अनुमति के बिना खम्भे लगाया गया है।

## 9 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार 2025 के तहत अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक श्याम धावड़े तथा कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देशों पर, उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार, जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने सघन गश्त के दौरान मजरकट्टा गांव में दबिश दी। इस दौरान थाना गरियाबंद अंतर्गत निवासी संतोष कोसरिया, पिता कार्तिक राम, जाति सतनामी, उम्र 37 वर्ष के कब्जे से 9.50 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्यवाही में आबकारी वृत्त गरियाबंद के उप निरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव, वृत्त देवभोग प्रभारी रजत चंद ठाकुर, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, नगर सैनिक संजय नेताम, मनीष कश्यप, महिला सैनिक श्रीमती कामिनी सोनी एवं वाहन चालक कुलेश्वर निषाद की भूमिका सराहनीय रही।



आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी यह अभियान जिलेभर में लगातार जारी रहेगा।

## चबूतरा तोड़ने से वार्डवासी हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर पालिका नवापारा के वार्ड क्रमांक 16, राम जानकी पारा दुर्गा पंडाल स्थल के पास चबूतरे को जेसीबी से बिना अनुमति तोड़े जाने से वार्डवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नाराज नागरिकों ने नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों की संख्या में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के नेतृत्व में महिला-पुरुष कार्यालय पहुंचे सीएमओ प्रदीप मिश्रा के सामने अपनी बात रखी। सीएमओ ने जेसीबी चालक और कर्मचारी को बुलाकर पूछताछ की, जिसमें कर्मचारी ने खुलासा किया कि चबूतरा वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद प्रतिनिधि के निर्देश पर तोड़ा गया। इस जवाब से वार्डवासियों का गुस्सा और भड़क गया। नागरिकों ने मांग की है कि बिना अनुमति चबूतरा तोड़ने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और चबूतरे का पुनर्निर्माण कराया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी ▶▶| शेष पेज 11 पर



## 8 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। थाना देवभोग की टीम ने उड़ीसा से लाई गई 8.640 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब, गांजा तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 मई 2025 को थाना देवभोग प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेतलखुंटी स्थित नीलगिरी प्लांट के पास एक युवक शराब बेचने के इरादे से ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम परदेशी यादव, पिता छगनलाल यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम गोहरापदर थाना देवभोग बताया। उसकी तलाशी लेने पर 48 नग मेक डायल नंबर 01 विस्की बरामद हुई, जो उड़ीसा प्रांत में निर्मित है। प्रत्येक बोतल में 180-180 मिलीलीटर शराब भरी थी, जिसकी कुल मात्रा 8.640 बल्क लीटर और बाजार कीमत 8640 रुपये आंकी गई। पूछताछ में आरोपी वैध कागजात या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 139/2025 दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना देवभोग की पुलिस टीम की सक्रिय और सराहनीय भूमिका रही।



## पंजीकृत अस्पतालों में डेढ़ लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा

# अंचल में दुर्घटनाओं में मिलेगी अब तत्काल मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम्यांचल में यदा-कदा होने वाली रोड दुर्घटनाओं में अब तत्काल मेडिकल सुविधा मिलेगी। घायलों का 1.50 लाख तक होगा निशुल्क इलाज, अस्पताल पहुंचाने वाले को भी 25 हजार इनाम में मिलेगा। सड़क हादसे में घायल होने वालों को स्वास्थ्य योजना में पंजीकृत अस्पतालों में डेढ़ लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा बेस (आईआरएडी) पोर्टल मददगार होगा। इस ऐप का संचालन पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और एनएचएआई की सहभागिता से होगा। ऐप का उद्देश्य एक्सीडेंट के पीड़ितों के त्वरित उपचार के साथ ब्लैक स्पॉट और कारणों का मंथन कर कमियां दूर करना भी है। सूत्रों के मुताबिक इस ऐप की पासवर्ड आईडी चारों विभागों को दी गई है। इसमें सभी विभाग अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर एंट्री करेंगे। कई बार इस तरह की स्थिति बनती है कि घटना के बारे में समुचित जानकारी नहीं होने पर घायलों को त्वरित उपचार सुविधा नहीं मिल पाती। पुलिस के साथ अन्य विभाग सड़क हादसे की समीक्षा में अपनी प्रमुख भूमिका नहीं निभा पाते। आईआरएडी इन्हीं कमियों को दूर करेगा। इस योजना के तहत रोड एक्सीडेंट में जख्मी होने वाला प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना नकद रहित उपचार योजना का पात्र सात दिनों के भीतर किसी भी पीएमजेएवाय योजना में पंजीकृत अस्पताल में भर्ती होकर 1.50 लाख रुपए तक की राशि का निशुल्क उपचार करा सकेगा। इससे घायलों के इलाज पर होने वाले खर्च की चिंता दूर होगी। साथ संबंधित पोर्टल पर दुर्घटना की सही और त्वरित प्रविष्टि से न केवल सहायता प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि राज्य और केंद्र सरकार को सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी नीतियाँ तैयार करने में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के तहत घायलों की मदद कर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। पूर्व में मददगार को 5 हजार रुपए दिए जाते थे जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार रुपए किया गया है। इसके अलावा मदद करने वालों के घटना के अलावा अन्य तरह की पूछताछ नहीं की जाएगी।

### कर्मचारियों को पोर्टल में एंट्री करने की जिम्मेदारी

अक्सर यह बात सामने आती है कि आम लोग पुलिस पचड़े में फंसने के डर से सड़क हादसों के प्रत्यक्षदर्शी होने के बाद भी मदद के लिए सामने नहीं आते। सूत्रों के अनुसार आईआरएडी पोर्टल में एंट्री करने में पुलिस सक्रियता दिखा रही है, मगर शासकीय और निजी अस्पताल वाले इसमें पिछड़ रहे है। अस्पतालों के पंजीयन काउंटर में बैठने वाले कर्मचारियों को इस पोर्टल एंट्री करने की जिम्मेदारी दी गई है। कई बार ऐसा होता है कि घटना के बाद घायल सीधे अस्पताल पहुंच जाते है और पुलिस को इसका पता नहीं चल पाता। पोर्टल में एंट्री इस समस्या का समाधान कर सकती है। अस्पतालों की सुस्ती को दूर करने विभागीय अफसरों द्वारा निर्देश जारी किया गया है। यह ऐप पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और एनएचएआई की सहभागिता से संचालित हो रहा है।



## सरकारी दफ्तरों में अग्निशामक यंत्र एक्सपायर, हादसे को दे रहे नेवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गर्मी का मौसम चल रहा है। जरा सी चिंगारी कहीं पर भी आग बरपा सकती है। ऐसे में आगजनी से बचने के लिए सरकारी दफ्तरो में मुफीद इंतजाम नहीं किया है। हर शासकीय कार्यालय में सिलेण्डर वाली अग्निशामक यंत्र तो है लेकिन इसकी रख-रखाव भी काफी कमजोर है। एक बार कही पर दीवार टंगा यह अग्निशामक यंत्र सालो-साल तक टंगा रहता है। जब इसकी एक्सपायरी आती है उसके दो तीन माह बाद इसका रिफलिंग होता है। तब तक इस मशीन में लगे पिन इत्यादी जंग खाते हुए रहता है। मैनपुर ब्लाक मुख्यालय के सरकारी कार्यालय में यह मशीन तो है लेकिन केवल वह दीवार की शोभा बना हुआ है। जिससे लोगों को दिक्कत हो सकती है। बड़े कार्यालय में इलेट्रिक रूम के पास केबल बिखरे हुये रहते हैं। बता दें कि एक समय था जब सिलेण्डर वाला अग्निशामक यंत्र नहीं था तो आगजनी पर प्रारंभिक रूप से काबू पाने के लिए हर कार्यालय में रेत से भरी लाल बाल्टी रखी जाती थी। लेकिन समय के साथ यह अब नजर नहीं आता है। केवल गोदाम को छोड़कर बाकी जगह से गायब हो चुका है। कुछ जगहों पर तो ▶▶| शेष पेज 11 पर



# महालेखाकार का कहना- आय-व्यय का सही हिसाब नहीं दे रहे बजट नियंत्रण अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के महालेखाकार ने राज्य सरकार के वित्त विभाग को बताया है कि सरकार के कई विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों (अकाउंट) के पुनर्मिलान का काम पूरा नहीं कर रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने यह काम आंशिक रूप से ही किया है। इस स्थिति को देखते हुए अब वित्त विभाग ने तय है कि ऑनलाइन अंक मिलान का काम अब ई कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल से किया जाएगा।

- वित्त ने पुराने निर्देश किए दरकिनार
- अब नए सिस्टम से होगा ये काम

## वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बजट नियंत्रण अधिकारी, सभी संभागीय आयुक्त और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। विभाग का कहना है कि बजट संबंधी आय व्यय के आंकड़ो का महालेखाकर कार्यालय के आंकड़ो से मिलान किए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। लेखाओं का अंक मिलान, लेखों की प्राप्ति, एवं व्यय के आंकड़ो की प्रमाणिकता एवं सटीकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है। इस संबंध में पूर्व में जारी सभी निर्देशों को दरकिनार करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं।

**अब ऑनलाइन मॉड्यूल से मिलाए जाएंगे आंकड़े**




## आंकड़ों का पुनर्मिलान अनिवार्य

वित्त विभाग ने कहा है कि प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का संबंधिक विभागीय व्यय के आंकड़ों से पुनर्मिलान किया जाना अनिवार्य है। ताकि राज्य के वित्त एवं विनियोग लेखों में आय एवं व्यय की राशियों को वास्तविक एवं सही रूप में प्रदर्शित किया जा सके। लेकिन महालेखाकार ने सूचित किया है कि विभिन्न विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों के पुनर्मिलान का काम आंशिक रूप से ही कर रहे हैं।

## अब ये काम होगा ऑनलाइन

अब यही काम ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। कोषाल्य के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के ऑनलाइन मिलान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा ई-कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें पुनर्मिलान के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का लिंक उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नियमित रूप से आय-व्यय के आंकड़ों के पुनर्मिलान का काम किया जाएगा। पुनर्मिलान के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी इस आशय का प्रमाणपत्र ऑनलाइन अपलोड कर महालेखाकर को प्रेषित करेंगे। इस काम के लिए समय सीमा तय है। देर होने पर विभागीय सचिवों द्वारा उत्तरदायित्व तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



### मुख्यमंत्री के कड़े तेवर लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनियारी और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए।

### तालाब पार से टीम प्रहरी ने हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश की ओर से शीतला तालाब के पार से सोमवार को अवैध कब्जे हटाये गए। उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में टीम ने जोन 2 के रेल्वे स्टेशन मार्ग में सुगम आवागन देने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जोन 9 के वार्ड नंबर 10 में सड़क पर कब्जा कर लगायी गयी कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलंबद करने कार्यवाही की गयी। जयस्तंभ चौक से साइंस कालेज के सामने मार्ग तक अवैध बैनर और पोस्टर हटाये गये।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली सियासी ढकोसलेबाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस संविधान के नाम पर सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की कहावत को चरितार्थ कर रही है। कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झांसे में कतई नहीं आने वाले हैं।



## राज्य सरकार ने लगाया कैविएट

# स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और बीएड का मामला जा सकता है कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित दो अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एक मामला स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का है और दूसरा बीएड डिग्रीधारी 2621 शिक्षकों के समयोजन का है।

इन दोनों मामलों को लेकर शिक्षकों से जुड़े संगठनों में राजनीति गरमाई हुई है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार के निर्णय को याचिका के माध्यम से चुनौती देने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं तथा राज्य सरकार के इन निर्णयों तथा उसकी प्रक्रियाओं के विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए। दोनों मामलों में कैवियेट दायर किया गया है।

## बीएड शिक्षकों के समायोजन का मामला

बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले 2621 उम्मीदवारों को शुरू में स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में 2621 उम्मीदवारों को दी गई नियुक्तियां क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियमों के विपरीत होने के कारण रद्द कर दी गईं थीं। इसके बाद, उपरोक्त 2621 उम्मीदवारों द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए बार-बार अभ्यावेदन और अनुरोध किए जाने पर, उन 2621 उम्मीदवारों के मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अंतर्विभागीय समिति के समक्ष रखा गया और विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, 2621 बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को सहायक शिक्षक (विज्ञान-प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने के लिए साल्ड समिति द्वारा एक अनुशंसा की गई थी और राज्य सरकार की कैबिनेट में एक निर्णय भी राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सहायक अध्यापक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर उक्त 2621 अभ्यर्थियों के समायोजन की कार्यवाही अभी भी जारी है।

- राज्य सरकार ने कहा- हमें भी सुनवाई का अवसर मिले
- किसी भी प्रकरण में याचिका लगाए जाने की आशंका



## युक्तियुक्तकरण पर कही ये बात

राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के मामले में कैवियेट के संबंध में कहा गया है कि राज्य सरकार ने ऐसे स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लिया है, जहां स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार स्कूल में प्रवेशित छात्र,बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके, जो छात्रों के व्यापक हित के लिए उपयुक्त है और आगे ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके जहां या तो एकल शिक्षक या कोई शिक्षक पदस्थ नहीं है और ऐसे युक्तियुक्तकरण के लिए, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 8 मई 2025 को एक व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित है। इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति, प्रस्तावित याचिकाकर्ता,पीड़ित शिक्षक दिशा-निर्देशों तथा विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तिकरण के संबंध में इसकी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए इस न्यायालय में याचिका दायर कर सकते हैं तथा इसके विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व कैवेटर,राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए।



# लोगों की समस्याओं को लेकर सुशासन तिहार में पहुंचे माहड़िक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

मंगलवार को ग्राम सुरसाबांधा में सुशासन तिहार समाधान शिविर के तीसरे चरण पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र के लाडले जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत माहडिक जनता के बीच पहुंचकर उसकी समस्या जानी व समझी संबंधित विभाग के स्टालों में जा जाकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निवेदन किया और उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। इंद्रजीत ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। खासकर राजस्व मामले को प्रमुखता से ध्यान दिया जाए। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध रेट उत्खनन पर भी लगाम लगाया जाए और रेट माफिया के ऊपर कड़ी कार्यवाही किया जाए। किसी भी प्रकार से विभाग सस्ती ना बढ़ाते धरती माता के शिने को छल्ली किया जा रहा है। साथी ही उन्होंने शराब बंदी को लेकर भी सवाल उठाया और शराब दुकान खुलने पर प्रतिबंध लगाने की बात कहीं जिस पर उपस्थित जन सैलाब का अपार सहयोग देखने को मिला।

- 25 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त, मिलेगा कलेक्टर दर पर मानदेय

# बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने गुजरात की तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने रेंज पुलिस की पहल पर शहर के व्यस्त चौक-चौराहों पर 25 ट्रैफिक वार्डन तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक वार्डन को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस को निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक वार्डन उपलब्ध कराए हैं।

शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने नगर निगम ने जिस तरह से टीम प्रहरी का गठन किया है। उसी तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन का कांसेप्ट लाने की पहल आईजी अमरेश मिश्रा ने की है। आईजी की पहल पर निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस को 25 वार्डन यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक पुलिस में जरूरत के मुताबिक एक चौथाई बल नहीं है। वर्तमान में जो बल है, उनमें से ज्यादातर ट्रैफिक जवान वीआईपी ड्यूटी के लिए तैनात किए जाते हैं। इसके चलते शहर के कई व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक भगवान भरोसे चलता है।



*प्रशिक्षण के बाद होगी तैनाती : ट्रैफिक कंट्रोल करने जिन 25 वार्डन का चयन किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उनकी फील्ड में तैनाती होगी। ट्रैफिक वार्डन के कार्यों की एक माह बाद समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में जो अच्छा कार्य करेंगे, उनसे नियमित ट्रैफिक वार्डन का काम लेंगे, जिनका कार्य गुणवत्ताहीन होगा, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा।*

*रायपुर के बाद अन्य जिलों में होगी पहल : ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से यातायात कंट्रोल करने की रिपोर्ट बेहतर होने के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी यह पहल की जाएगी। ट्रैफिक वार्डन को पुलिस बल की तरह अधिकार नहीं मिलेगा। उनका दायित्व केवल ट्रैफिक कंट्रोल करने तक सीमित रहेगा। वार्डन के साथ कोई दुर्व्यवहार करेगा तो वे उसकी शिकायत थाने में कर सकेंगे। ट्रैफिक वार्डन की जिम्मेदारी संदिग्धों पर नजर रखने की भी रहेगी।*

## बल की कमी के चलते वार्डन करेंगे तैनात

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार रायपुर शहर में लगातार वाहनों की वृद्धि होने से सभी चौक-चौराहों पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे वाहनों पार्किंग से अव्यवस्था हो रही है। नगर निगम के टीम प्रहरी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़कों को आवागमन के लिए उपलब्ध कराने, अतिक्रमण पर कार्यवाही प्रभावी तरीके से कर रही है। यातायात बल में कमी होने से सभी जंक्शन स्थानों पर ड्यूटी नहीं लग पा रही है, जिसकी पूर्ति ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन, निगम आयुक्त विश्वदीप, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सहित दो सौ के करीब लोग उपस्थित रहे।

# धान की नीलामी के दूसरे चरण की बोली शुरू, 22 हजार स्टैक शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान की नीलामी का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। एक सप्ताह तक चलने वाली बोली में जिला कलेक्टरों ने मिल मालिकों को बचे हुए धान की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के निर्देश दिए। प्रथम चरण के बाद लगभग 22 हजार स्टैक धान नीलामी के लिए संग्रहण केंद्रों में बचा है। सभी जिलों में हुई बोली के बाद अधिकांश जिलों में तीन हजार से अधिक स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि 30 जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे धान को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा बचे हुए धान का विक्रय दर निर्धारित कर नीलामी किया जा रहा है। नीलामी का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। बवे हुए स्टैकों की प्राइस मैचिंग करते हुए उठाव के निर्देश कलेक्टर ने राइस मिलर्स को दिए। राज्य शासन ने मोटा धान पुराने बारदाना के लिए 1900 और नए बारदाना के लिए 1950 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दर निर्धारित किया है। वहीं पतला धान पुराने बारदाने में 2000 और नए बारदाने में 2150 रुपए की दर निर्धारित की गई है। अधिकांश जिलों में व्यापरियों ने संग्रहण केंद्र में धान की स्थिति के आधार पर 1700 रुपए तक बोली लगाई है। बताया जाता है कि सभी को प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया गया है।



- पहले दिन 3 हजार स्टैक पर लगी बोली, एक सप्ताह तक चलेगी

## सभी जिलों में बचा धान

पहले चरण की बोली के बाद सभी जिलों में धान शेष है। रायपुर में 2 हजार स्टैक, सूरजपुर में 738, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग में अच्छी बोली आने के बाद भी धान की नीलामी में बेस प्राइज के बराबर बोली नहीं आ पा रही है। बताया गया है कि दूसरे चरण की बोली में आज लगभग 3 हजार स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है।

# सनातन धर्म प्रतीकों की रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक, मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने कहा, सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर। उन्होंने अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। शशांक शर्मा ने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया , महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह मात्र एक कार्यशाला नहीं अपितु भारत में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुण्य आत्माओं का पुण्य स्मरण रूपी हव्य है। कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुआ और आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा अध्यक्षा सीमा संतोष साहू ने किया।



- भाजपा रायपुर शहर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# 24 को नीति आयोग की बैठक लेंगे मोदी, साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक 24 मई को दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शामिल होंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह विष्णुदेव साय की पहली नीति आयोग बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भाग लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की प्रमुख योजनाओं के लिए केंद्र से अतिरिक्त समर्थन की मांग करेगी। बताया गया है कि पीएम आवास योजना के तहत नए सर्वे के अनुसार 26 लाख मकानों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए अतिरिक्त आबंटन की मांग की जाएगी।

**विशेष पैकेज की होगी मांग**

इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नवा रायपुर के विकास के लिए भी विशेष पैकेज की मांग की जा सकती है। स्मार्ट सिटी योजना में केंद्रीय अनुदान बंद हो चुका है, ऐसे में सीएम शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की मांग रख सकते हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन पहले ही विभागीय सचिवों के साथ मंथन कर चुके हैं। दिल्ली दौरे के लिए सीएम और मंत्रीमंडल के सदस्य 23 मई को रवाना होंगे।

***भाजपा नेताओं से मिलेंगे साय***

*दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम साय की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से 24 की शाम या 25 मई को हो सकती है। बताया गया है कि पीएम मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 25 मई को अलग से बैठक लेंगे।*

# नक्सलवाद पर गृहमंत्री के बयान को लेकर धनेंद्र ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सलवाद पर दिए गए बयान की आलोचना करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने उन पर निशाना साधा है।

एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा आरोप लगा रहे हैं कि राहुल गांधी की नीति नक्सलवाद पर स्पष्ट नही है, जबकि राहुल गांधी खुद नक्सलियों और आतंकियो के विरोधी हैं और हमेशा रहे हैं। कांग्रेस की नीति भी आतंकवाद और नक्सालवाद के खिलाफ है। गृह मंत्री इस तरह के अनर्गल आरोप लगाना बंद करें। आतंकवाद और नक्सलवाद की लड़ाई में राहुल गांधी की दादी एवं पिता शहीद हुए हैं। यह शायद गृह मंत्री भूल गये हैं। या कहें कि उनकी याददाश्त कमजोर हो गई है। श्री साहू ने कहा है कि तेलंगाना सरकार पर जो आरोप लगाया गया है कि वे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद नहीं कर रही है, तो वे तेलगांना सरकार से चर्चा करें एवं सहयोग मांगें। तेलंगाना सरकार सहयोग करेगी, क्योंकि वह भी खुद नक्सलवाद से परेशान है एवं उससे लड़ रही हैं। तेलंगाना सरकार पर भी झूठा आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पर्याप्त फोर्स नहीं दी गई और अब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को भी पर्याप्त फोर्स केन्द्र सरकार के द्वारा नहीं दिया गया है। गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन सी रूकावट पैदा की है?



- गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन-सी रुकावट पैदा की है?

# बीएलएड बंद करने और आईटीईपी लागू करने पर संसदीय समिति में गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

इस बैठक में भारत की शिक्षक शिक्षा प्रणाली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन (बीएलएड) कार्यक्रम को बंद करने के निर्णय, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की शुरुआत, उसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति, भविष्य की योजनाएं, पाठ्यक्रम की संरचना और आईटीईपी पढ़ाने के लिए आवश्यक योग्यताओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण, आवश्यक योग्यताओं तथा डीएलएड (प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा) और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) के भविष्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, एनसीटीई के अध्यक्ष तथा सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी राय और सुझाव समिति के समक्ष रखे। श्री अग्रवाल ने कहा, शिक्षक शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और व्यवहारिकता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं को तैयार करने वाले शिक्षकों की तैयारी भी आधुनिक, समावेशी और मूल्यनिष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआईईटी जैसे संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु विशेष नीति बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार किए जा सकें।



- शिक्षक और शिक्षा की गुणवत्ता पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जताई चिंता, ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत डीआईईटी की वकालत

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में सरिक्ता बंजारे का चयन

**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बकली विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद से कुमारी सरिक्ता बंजारे पिता गिरधर बंजारे का चयन हुआ है जिससे उसके माता- पिता को पूरे गांव, शाला परिवार की ओर से उसके उज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उसको परीक्षा में सफलता हासिल करने में उसके शिक्षक लेखाचंद मल्होत्र का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर उनको विशेष कोचिंग दिया। इसके साथ ही स्कूल के शिक्षक किरण साहू, अनिता साहू, पूरन लाल साहू, संकुल समन्वयक संतोष साहू, संकुल प्रभारी मनहरण यदु एवं पूरे परिवार का भी सराहनीय योगदान रहा। इस सफलता को लेकर पूरन लाल साहू शिक्षक एवं स्कूल के प्रधानपाठक लेखाचंद मल्होत्र द्वारा कुमारी सरिक्ता बंजारे एवं उनके पूरे परिवार को गायत्री परिवार की ओर से गुरुदेव का साहित्य, मंत्र लेखन, कापी पेन प्रदान किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें बरसात के मौसम में एक देववृक्ष लगाकर उसकी पूरी देखभाल करने का संकल्प कराया गया।

### प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय सहित बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंडों में होगा। प्रथम पाली में प्रीबीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 7,520 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, द्वितीय पाली में प्रीडीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक होगी। जिसमें 13,414 परीक्षार्थी भाग लेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा की सुचारू एवं निर्विघ्न संचालन के लिए 15 से 22 मई 2025 तक अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने तथा मुख्यालय से बाहर प्रस्थान नहीं रहने के निर्देश दिए हैं।

### समाधान शिविर में 8 दिव्यांग बच्चों को सहायक कीट का वितरण

**बसना।** ग्राम गढ़फुलझर (बसना) में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान 08 दिव्यांग बच्चों को सहायक किट प्रदान किया गया। लाभान्वित बच्चों में अमन जगत मिडिल स्कूल नौगड़ी को व्हील चेयर, मिडिल स्कूल दूधीपाली से समीर निषाद को एमआर कीट, प्राथमिक शाला सकरी से रितिका को श्रवण यंत्र, प्राथमिक शाला सकरी के वेदिका दास को श्रवण यंत्र, प्राथमिक शाला सकरी के वेदांत दास को श्रवण यंत्र, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहका के अंकिता साहा को किताब मेग्निफायर, मिडिल स्कूल के रीता साहा को पुस्तक मेगनिफ़ायर, मिडिल स्कूल सालेझरिया के विमला संडे को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि बसना विधायक सम्पत अग्रवाल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम एमके खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर, सीईओ जनपद पियूष सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष डीलेश्वरी निराला, संकुल समन्वयक अरुण प्रधान, आरिफ बेग, पुनीत चौहान आदि उपस्थित थे।

**प्रतिक्रिया :** ट्रैफिक अराजकता पर जनप्रतिनिधियों ने तोड़ी चुप्पी, की सख्त कार्रवाई की मांग

# नवापारा में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, दुर्घटनाओं से दहशत और आक्रोश बढ़ा, स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक पुलिस की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। सड़कों पर बेधड़क तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन और अव्यवस्थित पार्किंग से नागरिकों में दहशत के साथ आक्रोश भी बढ़ रहा है। शहर के चौक-चौराहों, बाजारों और बस स्टैंड जैसे संवेदनशील स्थानों पर न तो ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति दिखाई देती है और न ही यातायात नियमों का पालन होता दिख रहा है। स्थिति यह है कि लोग मनमर्जी से बीच सड़कों पर वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं। हर दिन नागरिकों को यह डर सताता है कि कहीं तेज रफ्तार वाहन उनकी जान न ले ले। घर से निकलते वक्त लोग सलामती की दुआ करते हैं, मगर सड़क पर उतरते ही खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिसिंग पूरी तरह नदारद है। ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर न तो कोई सख्त कार्रवाई हो रही है, न ही जनजागरूकता अभियान धरातल पर दिखता है। सब कुछ कागजों में ही सीमित रह गया है। अब सवाल यह है कि ट्रैफिक अराजकता और बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश कौन लगाएगा? क्या प्रशासन केवल हादसे होने का इंतजार कर रहा है? शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का कहना है कि अब समय आ गया है जब ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और उसे सख्ती से लागू भी किया जाए।

### संज्ञान में लेकर समस्या का निदान करें : संध्या

नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में न केवल सिग्नल लगाई जाए बल्कि इस स्थान पर ट्रैफिक पुलिस नियुक्त हो। ये चौक



काफी घुमावदार चौक है बावजूद लोग तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते है और दुर्घटना हो जाती है। कहा कि यातायात की विकराल समस्या पर शासन-प्रशासन और पुलिस संज्ञान ले और इस गंभीर समस्या का निदान करें। चूंकि इस चौक में चौबीसों घंटे यातायात का दबाव रहता है। रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग जाने के लिए यह एक मात्र मार्ग है। वही महासमुंद, आरंग, चंपारण, कुरूद, धमतरी, नगरी जाने के लिए इसी चौक से ही होकर गुजरना पड़ता है। नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने सीधे पुलिस के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें केवल वीआईपी मुव्हमेंट दिखती है। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यातायात पुलिस की शीघ्र व्यवस्था नही हुई और सिग्नल न लगाया गया तो वे पार्टी कार्यकर्ताओं,पार्षदो एवं शहर के गणमान्य नागरिको के साथ धरना प्रदर्शन पर बैठ जाएंगी।

### दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो : ऋषि सेन

नेशनल हाइवे के इंजीनियर ऋषि सेन ने कहा कि अनुशासन ही इसका समाधान है जो कि सभी के लिए लागु होना चाहिए। शहर की



मुख्य सड़कें पर्याप्त चौड़ी है किंतु व्यावसायिक अतिक्रमण के कारण आधे से ज्यादा सड़को में सामान एवं गाड़ियां रखी जाती है जिसे हटाने के लिए निरंतर अभियान चलना चाहिए। सभी प्रकार के ढोषियों के लिए कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। चाहे हाइस्पीड वाला ही क्यों न हो। इंजीनियर ऋषि सेन ने कहा कि क्रासिंग अथवा घुमावदार सड़क पर स्पीड ब्रेकर की बजाए पुलिस स्टॉपर लगाया जाना ज्यादा प्रभावी होगा। स्टॉपर में पुलिस का नंबर भी लिखा रहे ताकि हाई स्पीड गाड़ियों का वीडियो बनाकर तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा जा सके।

### चौक-चौराहों में स्पीड ब्रेकर की जरुरत : विजय



पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि सबसे पहले तो नगर के व्यापारियों को जागरूकता का परिचय देना पड़ेगा। प्रशासन को ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करनी होगी। संवेदनशील घुमावदार क्रासिंग, चौक-चौराहों में स्पीड ब्रेकर भी नितांत आवश्यक है। हर व्यक्ति यह ठान लें कि मुझे नियंत्रण गति में चलना है हर तरफ देख परख कर चले तो दुर्घटना से बचा जा सकता है।

### प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो : प्रसन्न



नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि शहर में ट्रैफिक सुधारने के लिए पुलिस की स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे तेज रफ्तार वाहन आवासीय क्षेत्रों में तय गतिसीमा में चले। प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही होनी चाहिए।

### गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई हो : किशोर



भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोर देवांगन ने कहा कि जान है तो जहां हैं, वर्तमान आधुनिक युग में थोड़ी सी चूक से बड़ी दुर्घटना घट रही है। शहर के ट्रैफिक में सुधार के लिए सबसे आवश्यक स्थानीय निकाय को आवागमन के मार्ग व स्थान को बाधित करने वाले तत्वों को पहले समझाइश देते हुए सहयोग की अपील करनी चाहिए। इसके बाद भी सुधार नहीं आने पर ऐसे तत्वों के विरुद्ध निष्पक्षता से लगातार कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर रफ्तार में चलती गाड़ियों की रफ्तार थामने के लिए ऐसे गाड़ी मालिकों के विरुद्ध पहली बार अधिकतम चालानी कार्यवाही, दूसरी बार लाइसेंस निलंबन और तीसरी बार लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई करनी चाहिए।

### प्रशासन की उदासीनता जगजाहिर : सौरभ



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि हमारे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का बहुत ही बुरा हाल है ,बिना लाइसेंस के नशीली गोलियों और शराब के नशे में धुत्त लोगों को रफ्तार से वाहन चलाते रोज देखा जा सकता है। हाइवा चालक भी बेलगाम रफ्तार से शहर के अंदर गाड़ी दौड़ाते हैं परिणामस्वरूप जानलेवा दुर्घटना आम बात हो गई है। पुलिस और प्रशासन की उदासीनता जगजाहिर है। कुर्रा से लेकर महानदी पुल तक रोड चौड़ीकरण हुआ पर इसका लाभ इसलिए लोगों को नही मिल पा रहा है।

### नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने की जरूरत : कैलाश



समाजसेवी कैलाश शुक्ला ने कहा कि खराब यातायात प्रबंधन और सिग्नल न होने से अव्यवस्था और बढ़ गई है। लोग असुरक्षित शॉर्टकट और लापरवाही से गाड़ी चला रहे हैं। अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से संकरी सड़कों में भीड़ और बढ़ जाती है। हॉर्न बजाना और वायु प्रदूषण दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया हैं। अधिकारियों को यातायात और सुरक्षा के लिए तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। हमें अस्थायी समाधान नहीं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान चाहिए।

### बगैर साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न वाले गाड़ी जब्त हो : रमेश



नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक और महानदी के पहले क्रासिंग चौक में ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था होनी चाहिए बहुत स्पीड, बगैर साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न के जो गाड़ी चलाते हैं उसकी गाड़ी जब्त होनी चाहिए। सदर रोड और गंज रोड में जो अपना सामान बाहर निकाले हैं उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मकान निर्माण के लिए जो मटेरियल गिराते हैं वह रोड में कई दिनों तक पड़ा रहता है अतएव ऐसे लोगों के ऊपर भी कार्रवाई होना चाहिए। शहर में ट्रैफिक पुलिस की भी व्यवस्था बहुत जरूरी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक के तीनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाई जाए वरना दुर्घटना के जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी होंगे।

### अनियंत्रित वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : नागेंद्र



मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रशासन से बात करके ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की पहल हो रहा है कुछ दिन पूर्व ही पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू द्वारा कलेक्टर से मुलाकात कर ट्रैफिक पुलिस की माँग की है। श्री वर्मा ने कहा कि आरंग की ओर से कुरूद की ओर जाने वाली गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर कुर्रा की ओर भेजना चाहिए जिसके लिए टीआई से बात हुआ है। कहा कि नगरवासियों को अपनी गाड़ी रोड पर व्यवस्थित खड़ी करनी चाहिए। पुलिस एक विशेष अभियान चलाए और अनियंत्रित वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

### ट्रैफिक व्यवस्था को करें दुरुस्त : धनराज



नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन को मिलकर सदर रोड एवं गंज रोड में कुछ स्थानों पर जाम की स्थिति बनती है ऐसे जगह को चिन्हित कर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जा सकती है साथ ही नौजवान लड़कों के द्वारा बिना लाइसेंस के तेज मोटरसाइकिल चलाई जा रही है जिन पर समझाइस के साथ कार्यवाही की आवश्यकता है। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी हेतु एक शिविर लगाकर परिवार वालों को नाबालिक बच्चों को गाड़ी चलाने हेतु न देने के निवेदन के साथ बहुत कुछ सुधार किया जा सकता है।

# आईसीटी योजना अंतर्गत राजिम में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**राजिम।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर समग्र शिक्षा के पत्र आदेश तारतम्य में डीजी दुनिया आईसीटी योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजिम में 19 मई से 24 मई 2025 तक कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। आईसीटी योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास रूम का उपयोग नियमित अध्ययन अध्यापन किए जाने के लिए व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने के लिए, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर तेजेश कुमार यदु द्वारा डिजिटल क्लास रूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया । जैसे प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल, एलएमएस (एमबीडी) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, ओपीएमएस का उपयोग, प्रोजेक्टर आईडी को चालू करने की प्रारंभिक विधि से लेकर आनेको विषयो में प्रशिक्षण दिया गया । इस प्रशिक्षण में शिक्षको के कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवं पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली जा रही हैं। इस प्रशिक्षण में फिगेश्वर ब्लाक के अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षको की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही । इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण केंद्र पर श्री दुष्यंत जिला समन्वयक द्वारा किया जा रहा है।

# घटिया शौचालय निर्माण का मामला गरमाया कलेक्टर से शिकायत करेगा प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्र- छात्राओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से लाखों रूपये भेजा जाता है लेकिन जमीनी स्तर पर इसे देखने वाला कोई नहीं है कि शासकीय राशि का सदउपयोग हो रहा है या दुरूपयोग जिसके चलते इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी ही एक मामला तहसील मुख्यालय मैनपुर से निकल कर सामने आई है तहसील मुख्यालय मैनपुर में ब्लाक स्तर के सभी जिम्मेदार अधिकारी रहते है बावजूद इसके लाखो रूपये खर्च कर एक डेढ़ वर्ष पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में तीन शौचालय का निर्माण जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा करवाया गया है और यह तीनों शौचालय का निर्माण आज तक पूरा नहीं हुआ है और तो और शौचालय में पाइप, सेप्टिक टैंक, छबाई, टाईल्स नहीं लगया गया है तथा पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण इसका उपयोग पिछले सत्र में नहीं किया जा सका। मामले की शिकायत कई बार स्थानीय



जिम्मेदार अधिकारियों से किया जा चूका है लेकिन अब तक न तो निर्माण कार्य पूरा किया गया है और न ही इसका उपयोग हो रहा है साथ ही इस मामले में कोई जांच नही होने से स्कूल शाला प्रबंधन समिति द्वारा



अनदेखी : मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का मामला

स्कूल के शौचालय में लाखों रुपए खर्च पर निर्माण अधूरा, इसलिए है अनुपयोगी

इस मामले की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर बी के उईके से किए जाने की तैयारी की गई है साथ ही संबंधित जिम्मेदारो पर कार्यवाही की मांग किया जायेगा। शाला प्रबंधन समिति मैनपुर के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में तीन शौचालय का निर्माण एक डेढ़ वर्श पहले किया गया है शौचालय निर्माण बहुत घटिया स्तर का है। छबाई, रंगरोगन, प्लस्टर, टाईल्स और पाईप फिट नही किया गया है इस शौचालय का निर्माण कौन कार्य एजेंसी द्वारा करवाया गया है इसका भी उल्लेख नही है और रिकार्ड में शौचालय निर्माण पूर्ण बता दिए जाने की जानकारी मिली है। जिसके कारण पालक छात्र–छात्रओं में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया की इस मामले की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर से किया जायेगा और शौचालय निर्माण में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की मांग किया जायेगा। जल्द ही एक प्रतिनिधी मंडल गरियाबंद पहुंच कर मामले की शिकायत कलेक्टर से करेगें।

# बिजली स्कूल के प्राचार्य को कलेक्टर ने किया सम्मानित

फिंगेश्वर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परिणाम में जिले के बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्राचार्यो का कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शिक्षा सत्र 2024–25 कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू जिला कलेक्टर बी.एस.उइके द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। उनको यह सम्मान मिलने पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि आज जो मुझे यह सम्मान मिला है वे शाला के प्रति लगन, आत्मविश्वास, छात्र छात्रओं के अभिभावकों से



सतत सम्पर्क एवं शाला के सभी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता एवं मेहनत के फलस्वरूप मिला है।उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है।शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है। पूरन लाल साहू प्राचार्य को सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसीकेएस नायक, नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बुद्ध विलास सिंह एडीपीओ समग्र शिक्षा, रामेन्द्र कुमार जोशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक शाला विकास समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद,सरपंच पदमा मोती निषाद,जनपद पंचायत सभापति नंदूराम यादव,सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद,विधायक प्रतिनिधि उदय यादव, संकुल समन्वयक भुवन यदु, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन राम साहू, अविनाश साहू ने बधाई दी है।

## पेज 9 के शेष...

### चबूतरा तोड़ने से...

नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। नगर पालिका प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। वार्डवासियों का कहना है कि वे ठोस कार्रवाई होने तक पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर संध्या राव नेता प्रतिपक्ष, भाजपा नेत्री पूर्व पार्षद अन्नपुर्णा देवांगन, कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद राकेश सोनकर, अर्जुन साहू, फागू देवांगन, टिकेश गिलहरे, पार्षद सहित दर्जनों की संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

सीएमओ ने कहा- मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे- नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक आरक्षण किया है लेकिन आज भी निर्वाचित महिला पार्षदो की जगह उनके पति, पुत्र या अन्य रिश्तेदार नगरीय निकायो में अहम भूमिका निभा रहे है। इस नगर पालिका के सात वार्डों में महिला पार्षद है जिसमें आधे से अधिक वार्डों का काम पति, पुत्र या रिश्तेदार संभाल रहे हैं जबकि पार्षदों को ही नगर पालिका में अपनी जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। वे स्वयं एक महिला पार्षद है जो विपक्ष की भूमिका में मजबूती के साथ खड़ी हैं।

### सरकारी दफ्तरों में...

है लेकिन यह पिकदान बनकर रह गया है। ब्लाक मुख्यालय का सबसे बड़ा दफ्तर जनपद दफ्तर है। जहां पर कई विभागों का दफ्तर संचालित है। इस परिसर में केवल 3 अग्निशामक यंत्र लगे हैं जिसमें से 2 एक्सपायरी हो चुका है तथा तीसरे की 2 माह बाद एक्सपायरी होने वाली है। ऐसे में इस यंत्र की उचित देखभाल की जरूरत है। यहां पर लोगों का आवाजाही लगा रहता है। ऐसे में आगजनी से जनहानि की आशंका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर खुर्द,विकासखंड - मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

क्रमांक. 009 **बाजार नीलाम की सूचना का प्रकाशन** दिनांक 20/05/25

ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की सम्मिलन दिनांक 18.05.2025 को प्रस्ताव क्रमांक 06 के अनुसार साप्ताहिक आम बाजार की नीलामी 24.05.2025 शनिवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 12 बजे से निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन किया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति उक्त बाजार निलामी हेतु बोली लगा सकते हैं। शर्ते निम्नानुसार है:-

1. उक्त साप्ताहिक बाजार निलामी की अवधि 26 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक होगी। 2. बकायादारों को बोली लगाने का अधिकार नहीं होगा। 3. बोली लगाने से पूर्व आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित स्थाई पता संबंधित दस्तावेज की फोटोकापी जमा करना अनिवार्य है। 4. बोली लगाने से पूर्व अमानत राशि 5000/- जमा करना होगा। 5. बाजार टैक्स की वसूली ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित दर पर किया जावेगा। अधिक राशि वसूली पर ठेका निरस्त किया जाएगा। 6. बाजार स्थल की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था ठेकेदार के द्वारा किया जावेगा। 7. ग्राम पंचायत में मेला-मड़ाई का कार्यक्रम होता है तो सिर्फ साप्ताहिक बाजार के दिन ही वसूली कर सकते हैं, शेष दिन ग्राम पंचायत के द्वारा वसूली किया जावेगा। 8. अमानत राशि का 50 प्रतिशत ग्राम पंचायत में जमा किया जाएगा। 9. सरकारी बोली से नीचे की बोली स्वीकार्य नहीं होगा। 10. सबसे उच्चतम बोली ही मान्य होगी। 11. निलामी राशि 65% जमा करना अनिवार्य है।

सरपंच
ग्राम पंचायत मैनपुर खुर्द, जि.- गरियाबंद

सचिव
ग्राम पंचायत मैनपुर खुर्द, जि.- गरियाबंद

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम ठेलकाबांधा
रा०प्र०क्र० 202504111100056
अ/6 अ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कलाराम तारक पिता हीरालाल तारक निवासी ठेलकाबांधा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ०ग० द्वारा ग्राम ठेलकाबांधा प०ह०नं० 28 रा०नि०म० व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ०ग० में स्थित ख०नं० 1138 रकबा 0.120 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में अनावेदक हिमलाल पिता मंगलप्रसाद के नाम पर दर्ज है। जिससे सन 1998 से 2001 में दर्ज पूर्व भूमि स्वामी आवेदक के पिता स्व० हीरालाल तारक के नाम पर दर्ज है, जिसकी मृत्यु दिनांक 12/09/2017 को हो गया है। जिससे उक्त भूमि में हुये त्रुटि को सुधार कर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी रा० अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 23/05/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 23/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/तह. /रीडर /2024

फिंगेश्वर, दिनांक 09.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका देवकी ध्रुव पिता/पति रामजी जाति गोड़ निवासी कोसमखुटां प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. फिंगेश्वर, तहसील फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने सास रमसीर बाई पति दुलरवा की मृत्यु दिनांक 05.03.2008 को ग्राम कोसमखुटां में हुआ है। जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 26.05.2025 को नियत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 26.05.2025 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के शील मोहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी फिंगेश्वर
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप




### चित्रकला के प्रतिभागियों को एसपी ने किया पुरस्कृत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें मैनपुर क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा छात्र, युवाओं ने बेहतरीन चित्रकला का प्रदर्शन किया जिसे गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखील राखेचा द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

### एनएमएमएस परीक्षा में हसदा 2 से 4 छात्रों का हुआ चयन



**मुड़ागांव (कोरासी)।** केंद्र सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हसदा 2 से कुमारी नोमिता साहू, अंकित कुमार साहू, कुमारी हर्षलता साहू और कुमारी द्रौपती साहू का चयन हुआ है। शासन के योजनांतर्गत 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक वर्ष 12000 रुपए छात्रवृत्ति मिलेगा। चयनित छात्र - छात्राओं और उनके शिक्षक एस के गायकवाड़, एके साहू, डायमंड सिन्हा, डीएस नेताम और मोनिका साहू एवं उनके पालकों को ग्राम पंचायत सरपंच शशिप्रकाश साहू, प्राचार्य आरके निषाद, संकुल समनयवक युगल साहू, एसएमसी अध्यक्ष विजय साहू, रामानंद साहू एवम समस्त ग्रामवासियों द्वारा इस उपलब्धि पर बधाई दिया गया।

### दुश्मन देश का सहयोग करने वाले राष्ट्र को बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए : मनीष

**छुईहा बेलर।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित ने ग्राम सेंदर में कहा की आतंकवादियों के सरपरस्त देश पाकिस्तान को सहयोग करने वाले मुस्लिमों राष्ट्रों क्रमशः तुर्की और अजरबैजान पर मोदी सरकार द्वारा लगाये जा रहे कड़े प्रतिबंधों का



समर्थन करते हुए कहा है कि जिस तुर्की ने पाकिस्तान को युद्ध में हथियारों की मदद की है। नरेन्द्र मोदी की सरकार बिना हथियारों के ही उसकी कमर तोड़ने जा रही है। तुर्की पर भारत के बायकाट का गंभीर असर होने जा रहा है और आने वाले समय में पाकिस्तान की तरह ही तुर्की और अजरबैजान की आर्थिक रूप से करम टूटने वाली है। श्री हरित ने याद दिलाते हुए कहा कि तुर्की को उन दिनों को नहीं भूलना चाहिए तब वहां विनाशकारी भूकंप ने कहर बरपाया था तब सबसे पहले भारत ने तुर्की के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया था और आपरेशन दोस्त के तहत तुर्की को तत्कालिक सहायता मुहैया कराया था लेकिन तुर्की के रगो में भी पाकिस्तान की तरह ही विश्वासघाती खून बह रहा है उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### नेताओं के संरक्षण में चल रहा रेत का अवैध कारोबार : डोंगर

**छुईहा बेलर।** बलरामपुर जिलें में रेत माफिया द्वारा पुलिस कांस्टेबल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या किए



जाने की घटना प्रदेश में विष्णु के सुशासन तिहार की वास्तविक हकीकत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डोंगर सिंग मरकाम ने कहा की मंगलवार को ग्राम कुण्डेल में भाजपाई सत्ताधीशों के संरक्षण में पूरे प्रदेश में रेत माफिया आतंक का खूनी खेल खेल जा रहा है। भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता, रेत के अवैध कारोबार के भागीदार बने हुए है। इससे सरगी नदी के बिजली, खुटेरी, खुडियाडिही, सिर्रीखुर्द, कुण्डेल,नदी तट को रेट उत्खनन से भारी खतरा का सम्भावना बना हुआ है। घाटो के क्षेत्र के ग्रामीण और पंचायत कर्मचारी खनिज कर्मचारी बेबश और लाचार बन गए हैं।

---

**आयोजन :** सुरसाबांधा के समाधान शिविर में 10 हजार 666 आवेदनों का किया गया निराकरण

# सुशासन तिहार से दूर हो रही लोगों की समस्याएं : चन्दूलाल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम सुरसाबांधा में मंगलवार सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को हितग्राही मूलक सामग्री जैसे समाज कल्याण विभाग द्वारा एक ट्राइसायकल, एक बैशाखी, मत्स्यपालन विभाग द्वारा मत्स्य पालकों को 5 मत्स्य जाल एवं दो आइस बाक्स, कृषि विभाग द्वारा 4 किसानों को धान बीज का वितरण एवं चार किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 गर्भवती माताओं को मेडिकेडेट मच्छरदानी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई और अन्नप्रासन्न किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष श्री चन्दूलाल साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर सुशासन तिहार का आयोजन पूरे प्रदेश भर में किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न गांवों में औचक मौके पर पहुंचकर नागरिकों के मांग एवं समस्याओं को निराकरण कर रहे है। साथ ही शासन-प्रशासन गांव-गांव में लोगों के बीच पहुंच रहे है तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर रहे है। इस दौरान कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि सुरसाबांधा के क्लस्टर में 15 ग्राम पंचायतों के शामिल किया गया था, जिसमें कुल 10 हजार 675 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 10 हजार 666 आवेदनों का निराकरण अधिकारियों द्वारा कर लिया गया है। साथ ही 9 आवेदन के लिए उच्च कार्यालय भेजे गये है। वहां से स्वीकृति होने के उपरांत उनका भी निराकरण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुआ है। इसके लिए 15 मई तक नाम जुड़वाने के लिए सर्वे कार्य कराया गया था।

- कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया हितग्राही मूलक सामग्री वितरण

**सुरसाबांधा में सुशासन तिहार-समाधान शिविर का आयोजन**



### धान के बदले अन्य नकदी फसल लें

श्री उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा लगातार की जा रही है। जिन हितग्राहियों का आवास स्वीकृत हो चुका है। आवास निर्माण को पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में फसल चक्र परिवर्तन करें। धान के बदले अन्य नगदी फसल ले। इस दौरान जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़कि, पूर्व विधायक संतोष उपाध्यय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, डिप्टी कलेक्टर अंजली खलको, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सुरसाबांधा क्लस्टर में ग्राम पंचायत लोहरसी, भेण्ड्री, रवेली, सहसपुर, धुरसा, तर्रा, कुरूसकेरा, सुरसाबांधा, कुण्डेल, बरोंडा, सिंधौरी, चौबेबांधा, श्यामनगर, लफंदी और परतेवा शामिल थे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने की अपील की गई।

---

# बोड़की में ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विकासखंड के ग्राम पंचायत बोड़की में तिरंगा यात्रा का आयोजन राष्ट्रभक्ति और वीरता के संदेश के साथ किया गया। इस गरिमामयी यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और देश के वीर जवानों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को नमन किया। पूरे जोश एवं गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत भवन से मौली माता चौक होते हुए बाजार चौक पहुंची। सभा को सम्बोधित करते हुए सरपंच नेतराम सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन न केवल देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति जनआस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे सशस्त्र बलों के प्रति जनता के अटूट सम्मान की भी जीवंत अभिव्यक्ति है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह मात्र एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सिंदूर की रक्षा का साहसिक प्रतिशोध है। इस अवसर पर युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। जगह-जगह तिरंगे लहराए गए और जय हिंद के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। यात्रा मे ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा, गोवर्धन सेन, पंच भोजराम साहू, भूषण साहू, टोमन ध्रुव, छत्रानी साहू, पूनम यादव, चुम्मन साहू, सुदर्शन दीवान, विशाखा सिन्हा, चमन ध्रुव, नेतराम सिन्हा एवं ग्रामवासी ग्राम पटेल होरी साहू, बर्शन पटेल, बेदराम साहू, पुणेश पटेल, जागेश्वर साहू, लेखन ध्रुव, उमेश ध्रुव एवं ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### बागबाहरा ग्रामीण मंडल के महामंत्री बने प्रकाश

**नर्रा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायकद्धय योगेश्वर राजू सिन्हा एवं संपत अग्रवाल की सहमति से मरार पटेल समाज के युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल ग्राम खाड़ादरहा को भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मण्डल का महामंत्री बनाया गया है। इस नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, पिलेश्वर पटेल, मुकेश चंद्राकर, राजेश ठाकुर, हरीश दीवान, छन्नू लाल साहू, खिलावन चंद्राकर, पीतांबर साहू, हेमंत सिन्हा, अजय ध्रुव, सचिन साहू, टीकेलाल, धनी मरकाम, मोहित साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

# भाजपा मंडल गरियाबंद की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भारतीय जनता पार्टी ने गरियाबंद मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय तथा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने की है। घोषित सूची में उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश यादव, पुष्पक देवांगन, गोविंद तिवारी और रेखा साहू को नियुक्त किया गया है। परस देवांगन और किशन कन्डरा महामंत्री बनाया गया है। वहीं मंत्री पद की जिम्मेदारी सरला उइके, हेमलता साहू, प्रकाश सोनी और गायत्री पटेल को सौंपी गई है। खेमसिंह बघेल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

कार्यसमिति सदस्य के रूप में विष्णु मरकाम, गुलेश्वरी ठाकुर, मधु देवांगन, तरुण ठाकुर, विनय दासवानी, प्रहलाद ठाकुर, रेणुका साहू, दुलारी साहू, प्रियंका सोनी, प्रतीक तिवारी, पुनम पारख, गुलाब यादव, विरेंद्र साहू, टीकमचंद साहू, संजू साहू, भीम साहू, नेहरू साहू, सौरभ पांडे, भीम निषाद, रविन्द्र ध्रुव, तारा साहू, गोपाल साहू, सती मानिकपुरी, मोंगरा साहू, उषा साहू, देव निषाद, गुनितराम साहू, लोमश ध्रुव, खिलावन सिन्हा, सरिता साहू, सेवक निषाद, सीमा यादव, सुनीता साहू और उमेश राजपूत को शामिल किया गया है।

मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि नवगठित कार्यसमिति पार्टी की रीति नीति और संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। पार्टी कार्यक्रमों और आगामी आने वाले चुनाव में मजबूती से काम करेंगी।

- मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने की सर्वसम्मति से घोषणा

### भाजपा ने बिंद्रानवागढ़ मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए बिंद्रानवागढ़ मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की सहमति से मंडल अध्यक्ष घनराज विश्वकर्मा ने की है। सूची में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी स्थान दिया गया है। घोषित सूची में उपाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र सिंह राजपूत, दशरू राम सिन्हा, देवशरण यादव एवं लता वर्मा को दायित्व सौंपा गया है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी धनंजय नेताम और त्रिलोक सिंह राठौर को दी गई है। मंत्री पद पर लेशवरी ठाकुर, भूषण साहू, एकता सोम एवं सरोजनी रात्रे को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में घनश्याम देवांगन और मीडिया प्रभारी के रूप में पुरषोत्तम ध्रुव का चयन किया गया है। कार्यसमिति में सदस्य के रूप में दीपक साहू, उर्वशी नेताम, डिगेश ध्रुव, मुकेश बिसेन, अघन सिंह ध्रुव, गांधीराम मरकाम, गणेश राम ध्रुव, सुनीता नायक, पोषण ध्रुव, वेश राठौर, प्रीतम प्रधान, विनोद ध्रुव, छत्रपाल निषाद, इतवारी देवांगन, उमेश दाऊ, नमोसिंह नेताम, ललित ध्रुव, जफ्फार मेमन, प्रगति देवांगन, यशोदा साहू, अमृतलाल सोम, बबीता सेन, रीना सिन्हा, आशु कंसारी, प्रकाश यादव, शांति यादव, लक्ष्मी ठाकुर, अनुज पांडे, सुनीता ध्रुव, गजानंद मिश्रा, उदेराज सोरी, महेन्द्र देवांगन, नरोत्तम साहू और कृष्णकुमार ध्रुव को शामिल किया गया है। मंडल अध्यक्ष विश्वकर्मा ने विश्वास जताया है कि यह नई कार्यकारिणी संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ आगामी चुनावों में पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोगी सिद्ध होगी।

# आम जनता त्रस्त, प्रशासन सुशासन तिहार मनाने में है व्यस्त : आकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



समाज सेवक आकाश प्रधान ने कहा की सरकार जो सुशासन तिहार मना रही है उसमें जनता की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के किसान लगातार अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। श्री प्रधान ने शासन प्रशासन से कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में कई समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और इनका समाधान होता नहीं दिख रहा है। उन्होंने पूछा है कि आखिर क्षेत्र की जनता किस बात का सुशासन तिहार मनाए?

आकाश प्रधान ने बताया कि क्षेत्र में कई अधूरी परियोजनाएं हैं, जैसे कि बेलाट नाला, डुमरबहाल से केन्दूवन तक की सड़क, और अमलीपदर तेल नदी पर पुल का निर्माण। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने की योजना भी अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। गोहरापदर और उरमाल हाईस्कूल के बिल्डिंग निर्माण की दिशा में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। आकाश प्रधान ने बताया कि क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए गरियाबंद, भवानीपटना, और धर्मगढ़ रेफर किया जाता है, जो कि एक बड़ी समस्या है। इसके अलावा, प्रशासनिक अधिकारियों के पीछे चक्कर काटना भी आम जनता के लिए एक बड़ी चुनौती है। आकाश प्रधान ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शराब दुकान बंद कराने का वादा किया था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आकाश प्रधान ने शासन प्रशासन से मांग की है कि सुशासन तिहार मनाने से पहले इन समस्याओं का समाधान होना आवश्यक है।

# लंबे समय से अधूरे पीएम आवास को हितग्राहियों से पूरा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ग्राम पंचायत टोनहीडबरी में लंबे समय से अधूरे प्रधानमंत्री आवासों के हिग्रहियों के घर- घर जाकर शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया। इस मौके पर जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, सरपंच सरिता बाई, आवास मित्र टंकेश्वर रात्रे, एवं ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के पंचगण उपस्थित रहे।

---

**भाजपा मंडल राजिम की नई कार्यकारिणी घोषित**

# पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करें : रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी मंडल राजिम की नई कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की सहमति से की गई है राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू के नेतृत्व में गठित इस टीम में संगठनात्मक मजबूती और समर्पण को प्राथमिकता दी गई है। कार्यकारणी गठन में बूथ के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। जिससे ग्रामीण बूथ मजबूत हो सके ज्यादातर कार्यकारिणी ग्रामीण क्षेत्र से जमीनी कार्यकर्ताओं को जोड़ा गया है। कार्यकारणी में दो महामंत्री चार उपाध्यक्ष एक कोषाध्यक्ष चार मंत्री कार्यकारिणी सहित 46 सदस्य शामिल है अधिकांश पदाधिकारी ग्रामीण और पिछड़े वर्ग से है तथा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को विशेष महत्व दिया गया है जिसमें संगठन की जड़े मजबूत हो। नई कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी की सूची में मंडल उपाध्यक्ष कमल देवांगन, भारत सिन्हा, नारायण साहू, शकुन साहू, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, रेणुका साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, मंत्री लोकेश सोनी, राजेश परमार, मीणा ध्रुव, टोमेश्वरी रात्रे, मीडिया प्रभारी युवराज साहू शामिल है। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पूरी टीम पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई देते हुए पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया हैं की नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### कार्यकारणी सदस्य में इन्हें लिया गया



सोमनाथ पटेलराजिम, शरद पारकर राजिम, संजीव साहू राजिम, पूरन यादव राजिम, हरख राम साहू भैंसातरा, अनीता यादव राजिम, नीरा साहू सेमहरतरा, महेश्वरी साहू भैंसातरा, मानकी आडील राजिम, रेखा साहू किरवई, भुनेश्वरी साहू धमनी, शांति साहू नावाडीह, मनीषा साहू नावाडीह राजिम, निर्मला साहू पथर्रा राजिम, देवकी साहू राजिम, मधु नत्थानी राजिम, खुशी साहू राजिम, मंजू साहू बेहरापाल, मुकेश साहू राजिम, भागवत साहू राजिम, वीरेंद्र साहू कुम्ही, लीकमचंद साहू अरंड, यादराम साहू बासिंग, कल्याण ध्रुव खपरीपारा टीकम सेन रावड़, हलधर साहू रावड़, नेतराम साहू भैसातरा, अखिलेश गुप्ता राजिम, आशीष साहू पीपरछेड़ी, बलराम निषाद हथखोज, तुकाराम तारक बेलटुकरी, अशोक मिश्रा राजिम, किशोर साहू सेमहरतरा, खुमान पाल चौबेबांधा मनोनीत किए गए है।

**स्थाई आमंत्रित सदस्य-** महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, छग राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, वरिष्ठ नेता ध्रुव शर्मा, सुश्री छाया राही, श्रीमती अंजू नायक, पूर्णिमा चंद्राकर, रेखा सोनकर,संजीव चंद्राकर, आशीष शिंदे, राहुल सेन, कमल सिन्हा,श्याम अग्रवाल, लेखा महोबिया हैं।

**विशेष आमंत्रित सदस्य-** राधे सोनी, राधेश्याम बंजारे, राम गुलाल साहू, गेंद लाल साहू, रामजीवन साहू, झाड़ू राम साहू, मनोज देवांगन, छन्नू लाल साहू, बोधन राम साहू, सुनील श्रीवास्तव, ओमप्रकाश आडील, सतीश यादव, बालाराम, लोकिन साहू, धनाराम साहू, प्रदीप जैन, डॉ. महेंद्र साहू, ईश्वर साहू, विजय भारती, सुरेश पटेल, मनसा कुर्रे, टंकु सोनकर, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, उत्तम निषाद, विकास साहू, जेठू राम केसरे,लाला साहू सहित पूरे 50 की संख्या में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत हुए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007




श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411